तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 जून 2026



4 विद्यार्थियों को सुशासन तिहार में मिला जाति प्रमाण पत्र






### अवैध भंडारण का सामने आया मामला, निजी गोदाम से खाद जब्त

# हालाहुली समिति में चल रहा था सरकारी खाद का निजी खेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया तहसील के हालाहुली आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में सरकारी खाद का निजी खेल का मामला सामने आया है। यहां जब जांच टीम पहुंची तो सबकुछ ठीक था, लेकिन जब निजी गोदाम पहुंचे तो अधिकारियों की आंखे भी फटी की फटी रह गई। याने सहकारी समिति का खाद निजी दुकान में डंप था। खास बात यह है कि यह गड़बड़ी भी अधिकारियों को कोई गड़बड़ी नजर नहीं आई। कारण सहकारी समिति का निजी दुकान में कितना खाद डंप था उसकी जानकारी भी नहीं दे सके। जानकारी तो यह भी मिली थी कि समिति प्रबंधक ने अपने घर में भी खाद का भंडारण किया था। कुल मिलाकर हालाहुली आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में सरकारी खाद का निजी दुकान में डंप को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब गुरुवार को राजस्व और कृषि विभाग की टीम जांच करने पहुंची। इस दौरान टीम ने समिति में उपलब्ध पीओएस मशीन के रिकॉर्ड और गोदाम में मौजूद स्टॉक का भौतिक मिलान किया। जांच में समिति के रिकॉर्ड और उपलब्ध खाद के स्टॉक का मिलान तो सही पाया गया, लेकिन एक गंभीर अनियमितता सामने आई, जिसमें समिति प्रबंधक द्वारा समिति के खाद का निजी गोदाम में अवैध रूप से भंडारण करने की बात सामने आई। संयुक्त जांच दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए निजी गोदाम में रखे पूरे खाद को जब्त कर लिया। जब्त उर्वरक को आगामी आदेश तक संबंधित समिति प्रबंधक की सुपुर्दगी में रखा गया है। मामले की विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार कर अग्रिम कार्रवाई एवं आवश्यक निर्देशों के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया है।

### बेखौफ चल रहा काला बाजारी

जिले के कुछ दुकानों में खाद की कालाबाजारी बेखौफ चल रही है। इसका खुलासा भी पुसौर में जांच के दौरान हुआ है। गुरुवार को संयुक्त जांच दल द्वारा पुसौर क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। कार्रवाई करते हुए एक दुकान से 9 टन यूरिया जब्त किया है, जबकि दूसरी दुकान पर 21 दिनों का विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है। टीम ने अग्रवाल खाद भंडार पुसौर में जांच किया। दुकान में एचयूआरएल कंपनी का करीब 9 टन यूरिया भंडारित था। जांच के समय उपलब्ध स्टॉक पंजी, विक्रय अभिलेख एवं पीओएस मशीन का मिलान किया गया तो यूरिया की कोई प्रविष्टि ही दर्ज नहीं था। याने वास्तविक भंडारण और अभिलेखों में दर्ज स्टॉक के बीच स्पष्ट अंतर था। मामला उर्वरक भंडारण एवं विक्रय से संबंधित नियमों के उल्लंघन था। अधिकारियों ने त्काल कार्रवाई करते हुए 9 टन यूरिया जब्त कर लिया है। इसी तरह बाबा मोहनदास एग्रो शॉप का भी जांच किया गया। इस दौरान एसएसपी उर्वरक के स्टॉक का मिलान करने पर पीओएस एंट्री, स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक भंडारण में अंतर पाया गया। संयुक्त जांच दल ने 21 दिनों का विक्रय प्रतिबंध लगा दिया है।

### खबर संक्षेप

#### मामलों में अवैध शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने तमनार, कोतरारोड़ और खरसिया थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में महुआ और देशी शराब जब्त की है। अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार पुलिस ने कुधरीपारा में दबिश देकर जेमा यादव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से दो जरीकेन में रखी कुल 15 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह कोतरारोड़ थाना पुलिस ने 3 अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा। जिसमें पहले मामले में ग्राम गोरखा निवासी विजय सिदार 25 वर्ष के घर के पीछे स्थित बाड़ी से 20 पाव देशी शराब और कच्ची महुआ शराब से भरे 40 पाउच बरामद किया गया। वहीं दूसरे मामले में समारू उरांव 36 वर्ष को घर के सामने महुआ शराब बेचते हुए पकड़ा गया।

## होटल व्हाईट रोज की संदिग्ध गतिविधियों व मारपीट के मामले में अपराध दर्ज, जांच में जुटी पुलिस



**रायगढ़।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोतरा रोड स्थित होटल व्हाईट रोज में हर दिन होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की लिखित शिकायत वार्ड पार्षद सहित मोहल्लेवासियों ने एसएसपी से की थी। साथ ही इसका विरोध करने गए शिक्षक के साथ मारपीट भी होटल संचालक द्वारा की गई थी। जिसका वीडियों भी अब सामने आया है। फिलहाल पुलिस ने इस मामलें दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर कांउटर एफआईआर दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है।

गौरतलब है कि 9 मई की रात वार्ड क्रमांक 40 क्षेत्र अंतर्गत स्थित होटल व्हाईट रोज के बाजू में रहने वाले शिक्षक अरूण अग्रवाल के साथ होटल संचालक सूरज सिंह के बीच गाली गलौज और मारपीट हुई थी। जिसके बाद अरूण अग्रवाल सहित पार्षद व मोहल्लेवासियों ने एसएसपी से शिकायत कर होटल में संचालित अवैध गतिविधियों को लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग भी की थी। दरअसल, शिकायत दर्ज कराते हुए अरूण अग्रवाल ने बताया कि 9 मई की रात को वह अपने घर के आंगन में थे, इसी बीच होटल की ओर से शराब की एक बोतल उनके सिर पर गिरी, जिससे उनका सिर फट गया। इसके बाद जब वे होटल संचालक से इसकी शिकायत करने पहुंचे तो फिर होटल संचालक सूरज सिंह पिता नंदकिशोर सिंह और अरूण अग्रवाल के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गया। इस संबंध में पार्षद सहित मोहल्लेवासियों ने भी होटल में संचालित अवैध गतिविधियों को लेकर आपत्ति व्यक्त की। शिक्षक की मानें तो कई बार ऐसा हो चुका है। होटल से शराब की खाली बोतलों को उनके घर की ओर फेंका जाता है। इससे पहले भी इस बात को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी। बताया जा रहा है कि यहां कई तरह की अवैध गतिविधियां संचालित होती है, जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसकी वजह से इस बीच होटल के रिसेप्शन में हुए विवाद और मारपीट का वीडियों भी सामने आया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## बीएड और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 1,519 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित, जिले में 74 फीसदी रही उपस्थिति

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल यानी व्यापम द्वारा आयोजित बीएड और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन गुरुवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल 5,799 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4,280 परीक्षार्थी शामिल हुएए जबकि 1,519 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कुल उपस्थिति लगभग 74 प्रतिशत दर्ज की गई।

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए रायगढ़ जिले में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस परीक्षा में 4,351 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3,161 ने परीक्षा दीए जबकि 1,190 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सबसे अधिक अभ्यर्थी सेठ किरोड़ीमल आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल केंद्र में 258 तथा सेंट जेवियर स्कूल केंद्र में 259 उपस्थित रहे। वहीं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 5 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। इस परीक्षा में 1,448 अभ्यर्थी पंजीकृत थेए जिनमें से 1,119 उपस्थित हुए और 329 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। उत्तम मेमोरियल कॉलेज केंद्र में सर्वाधिक 280 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि पायनियर पब्लिक स्कूल केंद्र में 273 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिला समन्वयक कार्यालय के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं निगरानी के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।परीक्षा के दौरान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की जांच की गई तथा परीक्षा केंद्रों में निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन कराया गया।

### पेयजल, अधोसंरचना, स्वच्छता एवं जनसुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# शहर के चौक-चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बुधवार को हुई एमआईसी की बैठक में करीब 70 करोड़ के विकास कार्यों पर मुहर लगाई गई है। बैठक में शहर के विकास, पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण, अधोसंरचना निर्माण, स्वच्छता व्यवस्था के विस्तार एवं जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में लगभग 70 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करते हुए आगे की प्रक्रिया के लिए हरी झंडी दी गई।

बैठक में निगम क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगभग 62.68 करोड़ की लागत से पाइप लाइन विस्तार एवं इंटरलिंकिंग, नवीन बोर एवं पंप स्थापना, पानी टंकी निर्माण, डब्ल्यूटीपी क्षमता वृद्धि एवं मरम्मत तथा नए जल कनेक्शन प्रदान करने संबंधी कार्यों को स्वीकृति दी गई। इन कार्यों के पूरा होने से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी। एमआईसी ने शहर के प्रमुख चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण को भी मंजूरी दी। स्ट्रीट लाइट पोलों के रंग-रोगन कार्य में बची राशि से अंबेडकर चौक से सहस्त्रबाहु चौक तक लगाए गए ओवरहेड साइन बोर्डों का उन्नयन कर उन्हें आधुनिक स्वरूप देने का निर्णय लिया गया। प्रगति नगर एवं मरीन ड्राइव क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान प्रभावित हो रही पेयजल पाइपलाइन को स्थानांतरित करने तथा आवश्यक स्टील ब्रिज एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यों के लिए लगभग 2.79 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में वार्ड क्रमांक 19 स्थित निगम परिसर के टाउन हॉल गार्डन के विकास के लिए लगभग 89.70 लाख रुपये तथा 17 एमएलडी इंटेकवेल के विकास कार्य हेतु लगभग 1.42 करोड़ रुपए के प्राक्कलन को भी मंजूरी दी गई। इसी तरह स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एसएलआरएम सेंटरों एवं सफाई कार्यों की निगरानी और रखरखाव के लिए दो नए पिकअप वाहन क्रय करने का निर्णय लिया गया।




## खबर संक्षेप

### 100 लीटर महुआ शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 लीटर महुआ शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं। पूंजीपथरा क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब का परिवहन करने की सूचना पर पुलिस ने स्केनिया प्लांट के पीछे पूंजीपथरा मार्ग पर घेराबंदी की। जिसके तहत पहली कार्रवाई में पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 जेए 4863 पर शराब ले जा रहे अमीलाल राठिया, निवासी छर्राटांगर और सुखसागर निषाद निवासी छर्राटांगर को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 30 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद की गई।

### धारदार हथियार के साथ घूम रहा था आरोपी, गया जेल



**रायगढ़।** सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने वाले एक व्यक्ति को पूंजीपथरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से लोहे का कत्तानुमा धारदार हथियार भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को शिकायत मिली कि ग्राम तराईमाल स्थित सिंघल प्लांट के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा.धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम साकिर अली निवासी तिवारी मटिहनिया, थाना बिसम्बरपुरए जिला गोपालगंज बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक लोहे का धारदार कत्तानुमा हथियार बरामद हुआए जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### फेसबुक से हुई दोस्ती, शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**रायगढ़।** पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार रायगढ़ निवासी एक महिला ने अप्रैल 2026 में महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से रायपुर निवासी नीरापद बबली उर्फ नीरापद बबाली से हुई थी। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और आरोपी ने विवाह का वादा कर महिला का विश्वास जीत लिया। शिकायत में महिला ने बताया कि आरोपी उसके घर भी आया था और परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर शादी का भरोसा दिलाया था। इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में आरोपी, महिला को कुडुमकेला स्थित एक किराए के मकान में अपने साथ रखता रहा और लंबे समय तक उसका शोषण करता रहा। वर्ष 2025 में आरोपी उसे रायगढ़ छोड़कर चला गया। इसके बाद अप्रैल 2026 में दोबारा मिलने पर उसने यह कहकर विवाह करने से इंकार कर दिया कि वह पहले से शादीशुदा है। विरोध करने पर आरोपी ने महिला को धमकी भी दी। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा। महिला पुलिस की टीम को उसके सीतापुर क्षेत्र में होने की सूचना मिली, जिसके बाद मोबाइल लोकेशन के आधार पर सरगुजा जिले के पेटला क्षेत्र से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। जिसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## 5 घंटे में 'ड्राई' हो रहे पंप, 4 रास्तों पर लगा ट्रैक्टरों का लंबा जाम

# कोतबा में गहराया डीजल संकट, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जिले का सबसे बड़ा धान उत्पादक क्षेत्र 'कोतबा' इन दिनों एक डीजल संकट से जूझ रहा है। क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। भीषण गर्मी के बीच, जब खेतों में खरीफ और रबी की धान की सुनहरी फसल पूरी तरह परिपक्व होने को तैयार है. तब ट्रैक्टरों और आधुनिक कृषि उपकरणों के पहिए डीजल की बूंद-बूंद के लिए थम गए हैं। तस्वीरें में साफ देखी जा सकती है कि किस तरह खेतों में नजर आने वाले ट्रैक्टर आज मीलों लंबी कतारों में पेट्रोल पंपों के बाहर लाचार खड़े हैं।

■ खेतों में तैयार फसल पर मंडराया बर्बादी का साया

कोतबा क्षेत्र में कहने को तो चार पेट्रोल पंप मौजूद हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि मंगलवार सुबह सिर्फ कारगिल चौक स्थित 'इंडियन ऑयल' के पेट्रोल पंप पर ही डीजल उपलब्ध हो सका। नतीजा यह हुआ कि सुबह 6 बजे से ही चारों दिशाओं से ट्रैक्टरों और गाड़ियों का रेला उमड़ पड़ा। कारगिल चौक से लैलूंगा मार्ग, बागबहार, गोलियागढ़ और गंझियाडीह मार्ग पर गाड़ियों की इतनी लंबी-लंबी कतारें लग गईं कि पूरे इलाके की रफ्तार थम गई। बसों के संचालन और आम जनता के आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिसकर्मियों को चिलचिलाती धूप में घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह 6 बजे खुली खिड़की दोपहर 11 बजे आते-आते बंद हो गई। महज 5 घंटों में पेट्रोल पंप पूरी तरह 'ड्राई' हो गया और कतार में लगे सैकड़ों किसानों को मायूस होकर खाली ट्रैक्टरों के साथ घर लौटना पड़ा। आधुनिकता के इस युग में जहां सरकारें डिजिटल और हाई-टेक खेती की बात करती हैं, वहीं जमीनी हकीकत यह है कि देश का अन्नदाता ईंधन की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा है। किसानों के माथे की लकीरें गहरी हो चुकी हैं और उनकी आंखों के सामने महीनों की हाड़-तोड़ मेहनत से उपजा 'सोना' मिट्टी में मिलने की कगार पर है। किसानों का कहना है कि सरकार इस जटिल समस्या को लेकर गंभीर नही हुआ तो वे कर्ज में डूब जाएंगे जशपुर का यह समृद्ध इलाका इस साल एक बड़े आर्थिक संकट की गर्त में समा जाएगा।





### राशन की तरह मिल रहा तेल

डीजल की इस भयंकर किल्लत के बीच पंप संचालकों ने तेल का 'राशन' तय कर दिया है। शुरुआत में प्रति ट्रैक्टर 2 हजार रूपए का डीजल दिया जा रहा था, जिसे संकट बढ़ता देख घटाकर 15 सौ रूपए और फिर 1 हजार रूपए कर दिया गया। इधर किसानों का दर्द है कि हम 10 से 15 किलोमीटर दूर बसे गांवों से ट्रैक्टर लेकर आते हैं। यहां आने-जाने में ही 500 से 700 रुपये का डीजल जल जाता है। जब पंप पर पहुंचते हैं, तो सिर्फ 1 हजार रुपये का तेल मिलता है। सबसे बदतर स्थिति उन छोटे किसानों की है जो अपने साथ प्लास्टिक के डिब्बे लेकर आ रहे हैं। पंप पर कड़े नियमों का हवाला देकर उन्हें बैरंग लौटाया जा रहा है, जिससे खेती-किसानी के काम पूरी तरह ठप पड़ गए हैं।

### 15 हजार एकड़ की फसल दांव पर

कोतबा और इसके आसपास का इलाका पूरे जशपुर जिले में धान का गढ़ माना जाता है। पिछले 20 वर्षों से खमगड़ा जलाशय परियोजना के पानी के दम पर यहां के किसान साल में दो बार (बरसात और गर्मी) बंपर पैदावार लेते आ रहे हैं। ग्राम राजाआमा, बुलड़ेगा, खमगड़ा, पतराटोली, सगरपाली, कोतबा, भालुखार, मधुबन और डोंगादरहा जैसे दर्जनों गांवों के किसान पूरी तरह इसी खेती पर निर्भर हैं। इस सीजन में भी लगभग 12 से 15 हजार एकड़ में धान की फसल लहलहा रही है, जिससे इस वर्ष लगभग 3 लाख बोरी (1.50 लाख क्विंटल) धान के उत्पादन का अनुमान है।

### हार्वेस्टर मशीनों की खड़ी होने की नौबत

धान की कटाई का समय बेहद सीमित होता है। इस समय बाहरी राज्यों और जिलों से तीन दर्जन से अधिक हार्वेस्टर मशीनें कोतबा क्षेत्र में पहुंचने से पहले हालात पेट्रोल-डीजल संकट में दयनीय हो चुकी हैं। इन मशीनों को दिन-रात चलकर फसल काटनी है, ताकि मानसून आने से पहले अनाज सुरक्षित गोदामों या मिलों तक पहुंच सके। लेकिन डीजल न मिलने के कारण हार्वेस्टर और मिंजाई (थ्रेसिंग) मशीनें धूल फांकने को मजबूर होंगे। अगर यही स्थिति रही, तो खेतों में खड़ी परिपक्व फसल वहीं सड़ जाएगी या झड़ जाएगी।

### बिचौलियों का आतंक

कोतबा के किसानों की त्रासदी सिर्फ ईंधन तक सीमित नहीं है। किसानों का आरोप है कि सरकार गर्मियों में पैदा होने वाले धान की सरकारी खरीदी एमएसपी पर के लिए कोई पुख्ता बाजार उपलब्ध नहीं कराती। पिछले दो दशकों से वे औने-पौने दामों पर बिचौलियों और राइस मिलरों को अपनी फसल बेचने पर मजबूर हैं। इस साल तो संकट और भी गहरा गया है। किसानों का कहना है कि एक तो पहले ही उन्हें फसल की सही कीमत नहीं मिलती, ऊपर से इस बार तेल की किल्लत के कारण फसल समय पर नहीं कटी तो उन्हें करोड़ों रुपये का सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा।

## साप्ताहिक गिरसा मवेशी बाजार ठेकेदार की मनमानी, 300 के बजाए ले रहा 500



**सरसीवां।** बिलाईगढ़ ब्लॉक में शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक गिरसा मवेशी बाजार में ठेकेदार की मनमानी का शिकार किसानों को होना पड़ रहा है। जहां ठेकेदार की मनमानी चरम सीमा पर है। उक्त सप्ताहिक गिरसा मवेशी बाजार को ठेकेदार ने ऊंची बोली लगा कर ठेका तो ले लिया है उसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मामला 6 जून दिन शनिवार का है जहां दूर दराज के खेती किसानी करने के लिए मवेशी बाजार से बैल खरीद कर ले जाने वाले किसानों ने अपनी दुखड़ा बयां कर अपनी समस्या बताया कि 1 जोड़ी बैल खरीद कर अपने घर ले जाने वाले किसानों के दर्द का अनुमान लगाया जा सकता है। किस कदर सप्ताहिक गिरसा मवेशी बाजार में संबंधित ठेकेदार द्वारा किसानों से मवेशी रसीद शुल्क नाम पर ऊपरी पैसे लेने का खुली खेल खेला जा रहा है।

## जोगीडीपा से पुनर्वासित परिवारों के लिए सूर्या विहार में विशेष शिविर का हुआ आयोजन

**रायगढ़।** जोगीडीपा क्षेत्र से सूर्या विहार प्रधानमंत्री आवास योजना कॉलोनी, कौहाकुंडा में पुनर्वासित किए गए परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने हेतु बुधवार सुबह विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए पुनर्वासित परिवारों की समस्याओं का निराकरण किया तथा उन्हें आवश्यक सुविधाओं एवं योजनाओं से जोड़ा।

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के पूर्व में जारी निर्देशों के अनुरूप शिविर का आयोजन सुबह 7 बजे से किया गयाए ताकि श्रमिक वर्ग से जुड़े हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिविर में पुनर्वासित



लगभग 40 परिवारों का सर्वे कर उन्हें पात्रतानुसार विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। शिविर के दौरान लोक सेवा केंद्र के माध्यम से दो बच्चों के आधार कार्ड बनाए गए तथा चार अन्य हितग्राहियों के पेन कार्ड सहित अन्य आवेदनों की प्रक्रिया पूरी की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 09 बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्र में प्रवेश कराया गया तथा मातृ एवं शिशु पोषणए जच्चा.बच्चा सुरक्षा सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 18 बच्चों के विद्यालय प्रवेश की कार्रवाई की गई, जिससे पुनर्वासित परिवारों के बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रह सके।

## 6 किलो से अधिक गांजा तस्करी मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने 6.168 किलोग्राम गांजा बरामदगी के मामले में फरार चल रहे आरोपी सतीश गोरख को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



जानकारी के अनुसार मई 2026 में बीड़पारा क्षेत्र में की गई छापेमार कार्रवाई के दौरान एक मकान से 6.168 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने पहले इरशाद खान और मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया था कि गांजा उन्हें रायगढ़ निवासी सतीश गोरख उपलब्ध कराता था। मामले के सामने आने के बाद से सतीश गोरख फरार चल रहा था। उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने उसके ठिकाने पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बकरियों के कारोबार के सिलसिले में अक्सर ओडिशा जाता था। इसी दौरान उसने ओडिशा के कनकतुरा क्षेत्र से एक अज्ञात व्यक्ति से गांजा खरीदा था और उसे रायगढ़ लाकर मोहम्मद वसीम को बिक्री के लिए सौंप दिया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गांजा बिक्री से आरोपी को करीब 30 हजार रुपये मिले थे। पुलिस ने उसके कब्जे से 2 हजार 750 रुपए नकद जब्त किए हैं, जिसे अपराध से अर्जित राशि माना जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## नाई समाज और ब्यूटी एसोसिएशन ने उठाई रोजगार और स्पा सेंटरों की निगरानी की मांग

**रायगढ़।** सर्व नाई समाज और ब्यूटी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसएसपी से मुलाकात की शहर में संचालित सैलून, पार्लर एवं स्पा सेंटरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सर्व नाई समाज के अध्यक्ष तारा श्रीवास और रायगढ़ ब्यूटी एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजुला त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि स्थानीय सैलून एवं ब्यूटी व्यवसाय से जुड़े लोगों के सामने रोजगार का संकट बढ़ता जा रहा है। उनका कहना था कि बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में लोगों को कारीगर के रूप में लाकर काम पर रखा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के रोजगार पर असर पड़ रहा है। प्रतिनिधियों ने सभी सैलून, पार्लर और स्पा सेंटरों में कार्यरत कर्मचारियों के पहचान दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ स्पा सेंटरों में नियमों के विपरीत गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे पूरे व्यवसाय की छवि प्रभावित हो रही है। ऐसे प्रतिष्ठानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग पुलिस प्रशासन से की गई। प्रतिनिधिमंडल ने शहर में संचालित यूनिसेक्स सैलूनों को लेकर भी आपत्ति जताई और इनके संचालन पर पुनर्विचार करने की मांग रखी।



### महिला पार्लरों के लिए भी समय सीमा की मांग

रायगढ़ ब्यूटी एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजुला त्रिपाठी ने कहा कि महिला ब्यूटी पार्लरों को भी रात 9 बजे के बाद बंद करने के नियम का पालन करना चाहिए। उन्होंने बिना पंजीकरण के निजी स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों और सेमिनारों के नाम पर हो रही कथित गतिविधियों पर भी चिंता जताई और आवश्यकता पड़ने पर इसकी लिखित शिकायत करने की बात कही।

## सरस्वती शिशु मंदिर को पुनः प्रारम्भ करने कवायद हुई तेज

**धरमजयगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर धरमजयगढ़ को पुनः प्रारम्भ करने की कवायद तेज हो गई है।आदर्श बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर कुछ कारणों से बंद हो गया था जिसे पुनः प्रारम्भ करने के लिए अध्यक्ष विजय यादव एवं व्यवस्थापक मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में संरक्षाक विजय अग्रवाल, टीकाराम पटेल, टार्जन भारती, गोकुल यादव, मुकेश हलदार सहित सभी कार्यकर्ता जुट गए हैं। पहले पतरापारा में स्थित भवन का रंगरोगन एवं मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही बाउंड्री वाल निर्माण, शौचालय निर्माण का कार्य जन सहयोग से कराने हेतु प्रयास किया जा रहा है। यह पुरा कार्य लक्षमन प्रसाद कटकवार व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर रायगढ़ के मार्गदर्शन में चल रहा है।

### 15 अगस्त तक रहेगा मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की प्राकृतिक वंश वृद्धि एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा 2 के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अधिनियम के तहत जशपुर जिले के अन्तर्गत समस्त तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में इस अवधि तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छ.ग. मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1948 की धारा 5 के तहत पच्चीस हजार रुपये तक के शास्ति से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। यह नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं हैं, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगें।

## एयरटेल फाइबर की इंटरनेट सेवा पर उठे सवाल, उपभोक्ता परेशान

**रायगढ़।** शहर में एयरटेल फाइबर ब्रॉडबैंड सेवा का उपयोग करने वाले कई उपभोक्ता इन दिनों इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या से जूझ रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि पिछले कई दिनों से नेटवर्क बार-बार बाधित हो रहा है, जिससे कार्यालयीन कार्य, ऑनलाइन सेवाएं और डिजिटल लेन-देन प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं के अनुसार इंटरनेट सेवा में लगातार आ रही रुकावटों की शिकायत कंपनी के कस्टमर केयर और सर्विस सेंटर में दर्ज कराई जा रही है, लेकिन समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। कई मामलों में शिकायत दर्ज होने के बाद भी तकनीकी टीम के पहुंचने में देरी हो रही है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। निजी संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घर से ऑनलाइन काम करने वाले लोगों का कहना है कि इंटरनेट सेवा बाधित होने से उनके दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कई कार्यालयों में फाइल अपलोड, ई-मेल संचार और ऑनलाइन मीटिंग जैसी गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि सर्विस सेंटर में समस्या के समाधान के बजाय उन्हें अलग-अलग नंबरों और अधिकारियों के पास भेजा जा रहा है। उनका कहना है कि शिकायतों के निराकरण की स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने से उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं का मानना है कि नियमित शुल्क लेने के बावजूद यदि कंपनी बेहतर सेवा उपलब्ध नहीं करा पा रही है तो इसे सेवा में कमी माना जा रहा है। उन्होंने एयरटेल प्रबंधन से नेटवर्क संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान करने और शिकायतों के त्वरित निराकरण की मांग की है।

■ बबार-बार ठप हो रहा नेटवर्क, ऑफिस कार्य हो रहे प्रभावित

## खाद व डीजल सहित अन्य समस्याओं को लेकर निकाली रैली, किया प्रदर्शन

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान कांग्रेस ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** किसान कांग्रेस ने खाद की कमी और डीजल की किल्लत सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार को शहर में रैली निकाली और कलेक्टोरेट पहुंच कर जिला प्रशासन को इन समस्याओं के समाधान को लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कलेक्टोरेट के बाहर भारी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गय था।

किसान कांग्रेस के इस प्रदर्शन में किसानों ने बताया कि अब खरीफ सीजन की खेती करने के लिए ज्यादा समय नहीं रह गया है और ऐसे वक्त में उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी ओर डीजल को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन ने बीते 27 मई को किसानों को सिंचाई कार्य व ट्रैक्टर के लिए डीजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। शासन ने इस दौरान स्पष्ट किया था कि किसानों को जुताई, बुआई आदि के लिए डीजल को लेकर किसी प्रकार की रूकावट नहीं होगी। हालांकि अब भी कई जगहों पर किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से डीजल नहीं मिल पा रहा है, ऐसे में किसानों को खेती किसानी के लिए दिक्कत हो रही है। मुख्यमंत्री ने समय पर डीजल उपलब्ध करवाने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया था। वहीं इस दौरान कृषि कार्यों के समय पर पूरा होने के लिए डीजल की उपलब्धता पर ध्यान देने की बात कही गई थी, साथ ही डीजल आपूर्ति में बाधा आने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होने की बात कही गई थी। किसानों ने बताया कि डीजल व खाद को लेकर उन्हें काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। सोसायटियों में लेने पहुंच रहे किसानों को भी कई बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। स्थिति यह है कि संबंधित किसानों को जितनी खाद की जरूरत होती है, उन्हें उतनी मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने बताया कि ऐसे में उन्हें कृषि कार्य में परेशानी होगी। किसान कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन और कलेक्टोरेट घेराव की बात कही गई थी, जिसे देखते हुए कलेक्टोरेट के बाहर बेरिगेटिंग की गई थी। वहीं भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। किंतु किसान कांग्रेस का यह प्रदर्शन कलेक्टोरेट के बाहर महज कुछ मिनट तक ही चल सका।



## जिला अस्पताल के प्रभारी एमएलटी निलंबित

**जशपुरनगर।** जिला चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में गंभीर लापरवाही, अनियमितता एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के मामले में कलेक्टर रोहित व्यास ने प्रभारी एमएलटी पुरूषोत्तम कुंवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जारी आदेश के अनुसार ब्लड बैग के एक्सपायर होने के बाद भी उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत डिस्कार्ड नहीं किया गया, ब्लड बैग के गायब होने की सूचना समय पर वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई तथा दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ किए जाने जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इसके अलावा ब्लड सेंटर के संचालन में निर्धारित नियमों एवं प्रोफेशनल एथिक्स का पालन नहीं करने तथा दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप भी सामने आए। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित कर्मचारी द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक नहीं किया गया तथा कार्यालयीन कार्यप्रणाली प्रभावित होने की स्थिति निर्मित हुई। मामले में जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब को असंतोषजनक पाए जाने के बाद कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मचारी की कार्यशैली के कारण मरीजों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना थी, जिससे जिला चिकित्सालय एवं प्रशासन की छवि भी प्रभावित हुई है।

■ ब्लड सेंटर में गंभीर लापरवाही एवं अनियमितताओं पर हुई कार्रवाई



# एक्शन से लबरेज फिल्म लग जा गले की रिलीज का ऐलान

**नई दिल्ली।** टाइगर श्रॉफ, जान्हवी कपूर और लक्ष्य बड़े परदे पर साथ आने वाले हैं। बात हो रही है एक्शन फिल्म 'लग जा गले' की। राज मेहता के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया गया है। फिल्म 'लग जा गले' को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है। यह फिल्म 14 मई 2027 को दस्तक देगी। फिल्म में टाइगर श्रॉफ और लक्ष्य दोनों हों, तो जाहिर है एक्शन भी दमदार होगा। इस फिल्म में इंटेंस एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स रिएक्शन दे रहे हैं।

लाइफ Style



# आलिया

## अल्फा में दिखा दमदार एक्शन अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यश राज फिल्म्स की आने वाली स्पाई थ्रिलर फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर की शुरुआत बॉबी देओल और आलिया भट्ट से होती है। फिल्म में बॉबी, आलिया के पिता बने हैं। दोनों होटल आलिया भट्ट का 18वां जन्मदिन मनाते नजर आते हैं।

इस बीच बॉबी आलिया को एक कार्ड देते हैं, जिसमें रूम का नंबर होता है, और कहते हैं कि ये उनका पहला मिशन है। इसके बाद आलिया का अलग अंदाज देखने को मिलता है। आलिया टीजर में काफी शानदार एक्शन और पॉवरफुल सीन करती नजर आती हैं। बॉबी आगे कहते नजर आते हैं कि आलिया ऐसे मिशन का हिस्सा हैं, जिन्हें अल्फा कहा जाता है। ये एक सीक्रेट मिशन होता है, जिसमें भारत के नेक्स्ट जेनरेशन के योद्धाओं को तैयार किया जाता है। टीजर जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, फिल्म में और दमदार एक्शन सीन्स देखने को मिलते हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट, बॉबी देओल, शरवरी और अनिल कपूर जैसे बड़े सितारे नजर आने वाले हैं। अल्फा यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म है, जो एक नए जासूस की कहानी दिखाती है। फिल्म 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर अल्फा का टीजर शेयर किया और अपनी प्यारी आलिया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्यारी आलिया को प्यार और शुभकामनाएं।' वहीं, अहान पांडे भी टीजर देखकर खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे अविश्वसनीय बताया।

हॉलीवुड मसाला



# फैन ने छू लिया तो भड़क उठे

**लॉस एंजिल्स।** जापान में जैकब एलोर्डी के साथ हुआ एक छोटा सा लेकिन चर्चित वाकया हुआ, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, एक वीडियो में देखा गया कि जैकब एलोर्डी जापान के एक रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे थे, तभी एक फैन उनके पास आया और फोटो लेने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान फैन ने उनकी पीठ पर हाथ रख दिया, जिससे एक्टर थोड़े असहज हो गए। जैकब तुरंत रुक गए, पीछे मुड़े और साफ शब्दों में कहा, 'प्लीज भाई मुझे हाथ मत लगाओ।'



# अमेरिकी रॉक बैंड गन एंड रोजेज की धुन पर थिरकेंगे भारतीय फैंस

**मुंबई।** रॉक बैंड गन एंड रोजेज को नवंबर रेन और वेलकम टू द जंगल जैसे मशहूर गानों के लिए जाना जाता है। यह अमेरिकी म्यूजिक बैंड जल्द ही भारत में भी परफॉर्म करेगा। भारत के कई बड़े शहरों में इनका कॉन्सर्ट होगा। इनका कॉन्सर्ट शेड्यूल भी सामने आ चुका है। रॉक बैंड गन एंड रोजेज दूसरी बार कॉन्सर्ट करने के लिए भारत आ रहे हैं। रॉक बैंड गन एंड रोजेज वर्ल्ड टूर पर हैं। दुनिया भर के अलावा वह भारत में आकर भी परफॉर्म करेंगे। इनका पहला कॉन्सर्ट 14 नवंबर को बेंगलुरू और 17 नवंबर को गुवाहाटी में होगा। फैंस बुकमायशो के जरिए इस कॉन्सर्ट के टिकट बुक कर सकते हैं। गन एंड रोजेज म्यूजिक बैंड में एक्सल रोज, स्लैश, डफ मैककेगन, रिचर्ड फोर्टस, डिजी रीड, मेलिसा रीस और इसाक कारपेंटर शामिल हैं। यह बैंड 1985 में लॉस एंजिल्स में बना था।



# फिल्म इंडस्ट्री के लोग मैसेज नहीं करते

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत का फिल्म इंडस्ट्री से पंगा किसी से छिपा नहीं है। अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के प्रमोशन के दौरान उन्होंने एक बार फिर से उस तल्खी का जिक्र किया। कंगना का कहना है कि इंडस्ट्री के लोग उनके टच में नहीं हैं। वह कोई फिल्म बनाती हैं तो उस पर भी लोग कोई कमेंट नहीं करते। कंगना ने अपनी जिंदगी के स्ट्रगल्स और अहम फैसलों पर भी बात की। कंगना रनौत अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के लिए काफी एक्साइटेड हैं। मूवी 12 जून को रिलीज होगी। इससे पहले कंगना फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। कंगना से पूछा गया कि क्या उन्हें आने वाली फिल्म के लिए बॉलीवुड से कोई मैसेज आया? इस पर कंगना ने जवाब दिया, 'फिल्म इंडस्ट्री के लोग मुझे मैसेज नहीं करते।' कंगना का मानना है कि सफल लोगों को आलोचना सुननी पड़ती है।



# बेबी-डू-डाई-डू का टीजर जारी...

**मुंबई।** अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी नई फिल्म 'बेबी डू डाई डू' के साथ दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें हुमा का बेहद खतरनाक और अनोखा अंदाज देखने को मिला। टीजर में एक महिला की आवाज सुनाई देती है, जो मरी हुई है, वह कहती है, 'मेरी बहन एक किलर है। वह बोल-सुन नहीं सकती, लेकिन वह मेरी आवाज सुन सकती है क्योंकि मैं पहले ही मर चुकी हूं। बेबी कर मर कर, डू डाई डू... उसके छाते से बचके रहना।' टीजर की शुरुआत कॉमिक अंदाज में होती है। यह कहानी मुंबई शहर की है, जहां पिछले 25 दिनों में तीन हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस और मीडिया को कातिल का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। असल में यह कातिल एक महिला है, जो न तो बोल सकती है और न ही सुन सकती है।

टीवी मसाला



# बचपन में देखती थीं 'ऑफिस ऑफिस' आज बनीं मुसद्दीलाल की बेटी

**नई दिल्ली।** कभी 'ऑफिस ऑफिस' देखकर बड़ी हुईं श्रुति शर्मा आज उसी चर्चित फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। उन्होंने अपने नए शो 'ऑफिस ऑफिस- चली मुसद्दीलाल की बेटी', पंकज कपूर से मिलने की इच्छा, अपने किरदार अनोखी और सरकारी सिस्टम से जुड़े निजी अनुभवों पर खुलकर बात की। शो में मुसद्दीलाल की बेटी का किरदार निभा रहीं श्रुति शर्मा की एक ख्वाहिश अब भी अधूरी है। स्क्रीन पर जिस किरदार की विरासत को वह आगे बढ़ा रही हैं, उसके पीछे के कलाकार पंकज कपूर से उनकी अब तक मुलाकात नहीं हुई है। पंकज कपूर से मिलने की इच्छा जाहिर करते हुए श्रुति शर्मा ने कहा, 'अभी तक पंकज कपूर सर से मुलाकात नहीं हुई है। मैं उनके काम की बहुत बड़ी फैन हूं। दिल से चाहूंगी कि एक दिन उनसे मिलूं। मैं चाहती हूं कि वह यह शो देखें और मुझे बताएं कि उन्हें मेरा काम कैसा लगा। अगर वह मुझे कोई सलाह दें या अपना रिव्यू शेयर करें, तो वह मेरे लिए बहुत खास होगा। उम्मीद है कि कभी न कभी मुलाकात होगी। और अगर उन्हें मेरा काम पसंद आया, तो शायद उससे बड़ी तारीफ मेरे लिए कोई नहीं होगी।' 'ऑफिस ऑफिस' से श्रुति का रिश्ता नया नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले वह इसे टीवी पर देखती थीं और अब उसी कहानी का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि जब मैं छोटी थी, तब 'ऑफिस ऑफिस' बहुत देखा करती थी। शो की यादें आज भी मेरे जहन में ताजा हैं। इसलिए कभी सोचा नहीं था कि एक दिन मुझे इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। मैं खुद को बहुत ग्रेटफुल मानती हूं। मैं चाहती हूं कि आज के बच्चे और युवा भी इस शो को उसी तरह याद रखें, जैसे हम पुराने 'ऑफिस ऑफिस' को याद रखते हैं।

## बिग बॉस 20 की तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली।** टेलीविजन का सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। लाखों दर्शकों के लिए 'बिग बॉस' का मतलब ही सलमान खान भी है। सलमान के फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि वह एक बार फिर इस शो को होस्ट करने के लिए तैयार हैं। इस शो के मेकर्स नए प्रतियोगियों को चुनने के लिए ऑडिशन शुरू करने वाले हैं। इस बार कुछ पुराने मशहूर प्रतियोगी भी दोबारा घर में एंट्री ले सकते हैं। इस शो की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सलमान 21 सितंबर से इस नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। 'वीकेंड का वार' में सलमान खान का अंदाज, उनका गुस्सा और समझाने का तरीका ही इस शो की असली जान है, जो इस बार भी दर्शकों को देखने को मिलेगा।



# इस गीत के लिए महज एक रुपए ली थी फीस

## कल्ट गाने को मेकर्स ने पहले कर दिया था रिजेक्ट

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के पुराने गानों की चर्चा काफी जाती है। ज्यादातर सिनेप्रेमी ओल्ड सॉन्ग्स को सुनना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन गीतों की मेकिंग के किस्से भी काफी दिलचस्प होते हैं। इस आधार पर आज हम आपको 62 साल पुराने बॉलीवुड के उस गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको गाने के लिए गायक ने महज एक रुपये की फीस ली थी। हैरान करने वाली बात ये थी, मेकर्स ने पहले उस सॉन्ग को बनाने से साफ मना कर दिया था।*

### रिजेक्ट सॉन्ग बना कल्ट

साल था 1964और उस वक्त मशहूर फिल्ममेकर सत्यबेन बॉस ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई। ये वही दौर था, जब हिंदी सिनेमा ब्लैक एंड व्हाइट से धीरे-धीरे कलर स्क्रीन पर शिफ्ट हो रहा था। उस मूवी का नाम था दोस्ती, जिसमें ऐसे दोस्तों की कहानी को दर्शाया गया था, जो शरीरिक तौर पर अपंग थे। एक आंखों से देख नहीं सकता था और दूसरे का एक पैर खराब था। अब तो आप समझ ही गए होंगे की यहां बात फिल्म दोस्ती की जा रही है।

### चाहूंगा मैं तुझे...

सुधीर कुमार और सुशील कुमार स्टारर ये फिल्म अपनी शानदार कहानी से ज्यादा गानों को लेकर चर्चित रही। दोस्ती में एक गाना था मौजूदा था, जिसके बोल थे- चाहूंगा मैं तुझे... इस सॉन्ग को दिग्गज सिंगर मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था और लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने इसे संगीत दिया था। फेसबुक पेज द बॉलीवुड रेडियो पेज की जानकारी के आधार पर आपको ये जानकर झटका लगेगा कि फिल्म के निर्माता



इस गाने को बनाने के पक्ष में नहीं थे और इसके संगीत की धुन को सुनकर उन्हें इसे रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, बाद में रफी साहब के निवेदन पर जाकर दोस्ती का ये गीत तैयार हुआ।

### फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला

बताया जाता है कि दोस्ती फिल्म के चाहूंगा मैं तुझे... गीत को गाने के लिए मोहम्मद रफी ने महज एक रुपये की फीस ली थी। कमाल की बात ये थी इसी गाने के लिए रफी साहब को बेस्ट प्लेबैक सिंगर के तौर पर करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।

# 525 दिनों तक सिनेमाघरों में लगातार चली थी 61 साल पहले आई राजेंद्र कुमार की फिल्म

**नई दिल्ली।** राजेंद्र कुमार हिंदी सिनेमा के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार थे, जिनकी कई फिल्में सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली साबित हुई थीं। अपने फिल्मी कॅरियर में उन्होंने एक से बढ़कर एक मूवी के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। उनमें से एक फिल्म के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे 61 साल पहले रिलीज किया गया था। राजेंद्र कुमार की वह फिल्म प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी 70 सप्ताह से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में चलती रही थी।

### प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी

आईएमडीबी की रिपोर्ट के अनुसार आलम ये रहा था कि राजेंद्र कुमार स्टारर थिएटर्स में करीब 75 हफ्तों तक यानी 525 दिनों तक चली थी और प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी। उनकी इस 61 साल पुरानी मूवी का रिकॉर्ड आज भी कायम है और शोले सहित कुछ ऑल टाइम ब्लॉकस्टर को छोड़ दिया जाए तो कोई भी अन्य मूवी ऐसा कारनामा करने में नाकाम रही है। इतना ही नही आरजू उस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में भी शुमार रही थी।



### गाने भी रहे थे कल्ट

राजेंद्र कुमार स्टारर आरजू की सफलता के पीछे उसकी शानदार कहानी के अलावा उसके बेहतरीन गीतों ने फैंस का दिल जीता था। बेदर्दी बालमा... और ऐ फूलों की रानी... सहित कई ऐसे सॉन्ग्स थे, जो आरजू की पहचान बने। आज भी इस फिल्म के गानों को खूब सुना जाता है।

### 1965 में सिनेमाघरों में हुई थी रिलीज

अपने दौर के दिग्गज अभिनेताओं के तौर पर राजेंद्र कुमार को आज भी याद किया जाता है। बेशक वह हमारे बीच में मौजूद नहीं हैं, लेकिन कॅरियर में दी गई यादगार फिल्मों के जरिए वह फैंस के दिलों हमेशा जिंदा रहेंगे। राजेंद्र साहब की कल्ट मूवीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें आरजू का नाम शामिल है। इस फिल्म को साल 1965 में सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। राजेंद्र कुमार के साथ-साथ फिल्म में अभिनेत्री साधना शिवदासानी, फिरोज खान, नाजिमा और नाजिर हुसैन जैसे कई कलाकारों में अहम भूमिकाओं को अदा किया था। आरजू का डायरेक्शन रामायण टीवी शो बनाने वाले रामानंद सागर ने किया था।

## हॉरर-रोमांस-पॉलिटिक्स और सस्पेंस के साथ छिड़ेगा घमासान

# कल इन फिल्मों का थिएटर्स में होगा महा-क्लैश, दिग्गज होंगे आमने-सामने

*नई दिल्ली। मनोरंजन जगत में 12 जून का वीकेंड इतिहास का सबसे व्यस्त और धमाकेदार वीकेंड साबित होने जा रहा है। इस शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर एक या दो नहीं, बल्कि पूरे 9 फिल्मों का महा-क्लैश होने जा रहा है, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के दिग्गज आमने-सामने होंगे। इस लिस्ट में मनोज बाजपेयी की पॉलिटिकल ड्रामा, इम्तियाज अली का अनकहा रोमांस, कंगना रनौत की देशभक्ति और हॉलीवुड के स्टीवन स्पीलबर्ग का सस्पेंस शामिल है।*



**गवर्नर:** इस वीकेंड की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एवर्नर', जिसमें मुख्य भूमिका में नेशनल अवॉर्ड विनर मनोज बाजपेयी हैं. यह एक गंभीर पॉलिटिकल ड्रामा है। मनोज बाजपेयी हमेशा से ही अपनी परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड और सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, इसलिए इस फिल्म को लेकर दर्शकों और समीक्षकों में जबरदस्त उत्सुकता है।

**मैं वापस आऊंगा :** बॉलीवुड के सबसे चहेते निर्देशकों में से एक, इम्तियाज अली इस फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं. हालांकि फिल्म की कहानी को पूरी तरह से सीक्रेट रखा गया है, लेकिन इम्तियाज का नाम ही जज्बाती और रूहानी प्रेम कहानियों की गारंटी माना जाता है। फैंस को उम्मीद है कि ये एक रोमांटिक-इमोशनल ड्रामा होगी।

**भारत भाग्य विधाता :** कंगना रनौत स्टारर यह फिल्म लीडरशिप, शासन व्यवस्था और राष्ट्रीय पहचान जैसे ज्वलंत मुद्दों पर आधारित एक और बड़ी पॉलिटिकल फिल्म है। कंगना के हालिया राजनीतिक बयानों और फिल्मों को देखते हुए यह फिल्म सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरने वाली है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा इसे पहले ही दिल्ली में टैक्स-फ्री घोषित किया जा चुका है, जिससे इसे बॉक्स ऑफिस पर अच्छी बढ़त मिलने की उम्मीद है।

**हॉन्टेड 3डी :** भारत में हॉरर फिल्मों के बेताज बादशाह विक्रम भट्ट अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइजी 'हॉन्टेड' के नए पार्ट के साथ लौट रहे हैं. इसमें अलौकिक शक्तियों, बेहतरीन विजुअल इफेक्ट्स और डरावने सस्पेंस का दावा किया गया है।

**बैकरूम्स :** हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'बैकरूम्स' भी एक बड़ी रिलीज साबित हो सकती है। यह फिल्म इंटरनेट पर वायरल हुए 'बैकरूम्स' कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जिसने वर्षों से अनगिनत ऑनलाइन थ्योरी, कहानियों और वीडियो को जन्म दिया है। रहस्यमयी और डरावने माहौल के लिए मशहूर इस विचार को अब एक फीचर फिल्म के रूप में बड़े पर्दे पर उतारा गया है। अपनी अनोखी कहानी, बेचैनी पैदा करने वाले वातावरण और मनोवैज्ञानिक डर के कारण यह फिल्म खासकर युवा दर्शकों के बीच काफी चर्चा में है। रिलीज से पहले ही इसे साल की सबसे प्रतीक्षित हॉरर फिल्मों में गिना जा रहा है।

**स्कैरी मूवी :** हॉलीवुड की मशहूर पैरोडी फ्रेंचाइजी 'स्कैरी मूवी' एक नए पार्ट के साथ आ रही है, जो पॉप-कल्चर और हॉरर फिल्मों का मजाक उड़ाते हुए दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट करने के लिए तैयार है।

**द नर्मदा स्टोरी :** नर्मदा नदी और उसके आस-पास रहने वाले समुदायों के जीवन से प्रेरित यह फिल्म एक सामाजिक ड्रामा है, जो मानवीय संवेदनाओं और सिस्टम पर चोट करती नजर आएगी।

**हीर सारा :** जो लोग मारधाड़, राजनीति और डर से दूर एक शुद्ध प्रेम कहानी देखना चाहते हैं, उनके लिए यह फिल्म एक बेहतरीन विकल्प के रूप में रिलीज हो रही है। यह फिल्म रिश्तों और प्रेम की भावनात्मक कहानी को बड़े पर्दे पर लेकर आ रही है।

**डिस्क्लोजर डे :** महान फिल्म निर्माता स्टीवन स्पीलबर्ग से जुड़ी यह मिस्ट्री-थ्रिलर फिल्म बड़े-बड़े राज, सस्पेंस और हाई-स्टेक टेंशन से भरपूर है, जो अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के फैंस के लिए ट्रीट साबित होगी।

## खबर संक्षेप

### सफाई के लिए मैदान में पुसौर सीएमओ

**पुसौर।** कुछ दिनों में ही बरसात प्रारभ होने वाली है इसके लिए नालियों की सफाई को सीएमओ ललित साहू मौके में जाकर तत्परता से कराने का बीडा उठाया है। सीएमओ सुबह 7 बजे से ही सफाई कर्मियों के साथ नगर के वार्डो में पहुंच जाते हैं जहां लोगों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए नालियों की सफाई की जा रही है। बीते वर्ष भारी बारिश के कारण कई घरों में पानी पहुंच गया था। जहां रातो रात नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी और सीएमओ ने जेसीबी से जहां नालियां खोदी वहीं उनके घरों में पंप लगाकर पानी बाहर भी किया। इस तरह की परेशानी से बचने बरसात के पहले ही सीएमओ ने नगर के 15 वार्डो में जाकर नालियों की सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने की कारगर कोशिश कर रहे हैं। बताया जाता है कि वर्ष 2008 से स्थापित नगर पंचायत पुसौर में ललित साहू तीसरे क्रम के ऐसे सीएमओ हैं जो पुसौर में रहकर मौके में जाकर काम कराते हैं। सूत्र बताते हैं कि नगर पंचायत पदस्थ नल जल, राजस्व, सफाई, आदि विभागों के कर्मचारी ज्यादातर अपनी ड्यूटी को टालने का प्रयास करते हैं जिससे संबंधित कार्य रूका रह जाता है।

### जांच के लिए जनपद सीईओ पहुंचे बटाऊपाली

**कोसीर।** कोसीर समीप ग्राम पंचायत बटाऊपाली अ पहुंच कर जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम नायक ने निरीक्षण किया। जिसमें सर्वप्रथम ग्रापं जनप्रतिनिधि से मिलकर गावं के हाल चाल जाना तत्पश्चात गांव के विकास कार्य व समस्याओं से रूबरू हूऐ फिर गांव के गली मोहल्ले का निरीक्षण किया ग्रापं भवन निरीक्षण करते हुए प्राथमिक स्कूल व मिडिल स्कूल पहुंच भवन की स्थिति जाना वही आंगनवाड़ी केन्द्र पहुंच कर वही बने बाल उद्यान का भी ध्यान आकर्षित किया उसके पश्चात गांव की आवागमन सुविधा पेयजल निस्थारी तालाब की जायजा लेते हुए चर्चा की वही जनप्रतिनिधि ग्राम सरपंच सचिव पंचगण व ग्राम वासियो से मिलकर शासन से मिलने वाले प्रमुख योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड महतारी बंदना पी एम आवास सौचालय केन्द्र सरकार से मिलने वाले किसान सम्मान निधि इत्यादि विभिन्न योजनाओं के बारे मे साझा किया इस तरह से जनपद सीईओ ने ग्रापं बटाऊपाली अ पहुंच कर गांव का निरीक्षण किया जिसमें गांव बेहतरीन पहल प्रगति शील विकास को देखते हुए काफी संतुष्टि जाहिर की।

### मदकू द्वीप में संत सम्मेलन

**रायगढ़।** सम्मेलन में उपस्थित संतों ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धर्म स्वातंत्र्य विधेयक लाने की पहल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संतों ने इसे समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा धर्मांतरण जैसी चुनौतियों के निराकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर अखिल भारतीय संत समिति, छत्तीसगढ़ के प्रांत अध्यक्ष नियुक्त होने पर पूज्य महंत रामरूप दास जी महाराज का नियुक्ति पत्र प्रदान कर सभी संतों द्वारा उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। सम्मेलन में आगामी दिनों में गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने, मठ.मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने तथा सनातन समाज के विभिन्न विषयों पर व्यापक जनजागरण हेतु कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य महंत नरेंद्र दास महाराज, महामंत्री, निर्मोही अखाड़ा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य महंत महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास जी महाराज ने की। सम्मेलन को पूज्य स्वामी परमात्मानंद महाराज, महंत त्रिवेणी दास महाराज, महंत विवेक गिरी महाराज, महंत तारकेश्वर महाराज, महंत राधेश्याम दास महाराज तथा महंत सीताराम दास महाराज सहित अनेक संतों ने संबोधित किया। धर्म जागरण समन्वय की ओर से बहन अंजू गवेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# विद्यार्थियों को सुशासन तिहार में मिला जाति प्रमाण पत्र

**गांव में ही मिली महत्वपूर्ण सुविधा, शिक्षा एवं छात्रवृत्ति संबंधी प्रक्रियाओं में मिलेगी सहूलियत**

## वनांचल पहुंचा सुशासन, ग्रामीणों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

शासन की जनकल्याणकारी पहल सुशासन तिहार के तहत धरमजयगढ़ विकासखंड के कापू में आयोजित समाधान शिविर में उस समय खुशी का माहौल बन गया, जब स्कूली छात्र छात्राओं को उनके जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आवश्यक दस्तावेज हाथ में मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे और अभिभावकों ने भी राहत महसूस की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने अपने हाथों से बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिससे उन्हें स्कूल प्रवेश, छात्रवृत्ति, शासकीय योजनाओं तथा उच्च शिक्षा से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं में सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आम नागरिकों को आवश्यक सेवाएं और सुविधाएं उनके गांव के निकट ही उपलब्ध हों। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में मुकेश मांझी, मंजू, प्रशांत कुर्रे, अन्नू टंडन एवं मलिंगा तिग्गा शामिल हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से आवश्यक सेवाएं सीधे गांव तक पहुंच रही हैं, जिससे समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की बचत हो रही है।

पहाड़ों और घने जंगलों से घिरे धरमजयगढ़ विकासखंड के दूरस्थ कापू में बुधवार को सुशासन की सशक्त तस्वीर देखने को मिली। जिले के अंतिम छोर पर बसे इस क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में 22 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। किसी ने अपनी समस्या बताई, किसी ने अपनी मांग रखी तो किसी ने शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। एक ही मंच पर सुनवाई, समाधान और हितग्राहियों को लाभ वितरण की प्रक्रिया ने ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना दिया।

शिविर में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनेक मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को समय सीमा के भीतर हल करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिक्षा, कृषि, श्रम एवं अन्य विभागों की सहभागिता वाले इस शिविर में विद्यार्थियों, किसानों और श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। पांच विद्यार्थी मुकेश मांझी, मंजू, प्रशांत कुर्रे, अन्नू टंडन एवं मलिंगा तिग्गा



को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कापू द्वारा राजकुमार राठिया, बीरबल राठिया, नरहरि राठिया, लखनलाल राठिया एवं जयलाल राठिया को खरीफ फसल के लिए किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी ऋण स्वीकृत किया गया। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले जागृति, सौम्या एवं निखिल सोनवानी तथा कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाली रवीना राठिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि सुशासन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप विगत एक माह से जिलेभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपनी समस्याओं, मांगों एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।



## तालाब सौंदर्यीकरण को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरमकेला

नगर पंचायत बरमकेला के इंदिरा चौक स्थित लगभग 50 वर्ष पुराने बावा तालाब के सौंदर्यीकरण, संरक्षण एवं पुनर्जीवन की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 06 एवं 07 के लोगों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। तालाब की बदहाल स्थिति को देखते हुए चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में 170 से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई। इस अभियान को स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला है। हस्ताक्षर अभियान में नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजू नायकए वार्ड क्रमांक 07 की पार्षद उर्मिला सिदार तथा वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद गरिमा पटेल ने भी हस्ताक्षर कर तालाब के विकास की मांग का समर्थन किया।

इंदिरा चौक स्थित बावा तालाब लगभग 50 वर्ष पुराना माना जाता है और लंबे समय तक यह आसपास के नागरिकों की आवश्यकताओं का प्रमुख केंद्र रहा है। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार एक समय था जब वार्ड के अधिकांश लोग इसी तालाब का उपयोग नहाने धोने सहित दैनिक कार्यों के लिए करते थे। लेकिन तालाब की लगातार बिगड़ती स्थिति, गंदगी और प्रदूषण के कारण पिछले लगभग 10 वर्षों से भी अधिक समय से इसका उपयोग नहाने.धोने के लिए लगभग बंद हो चुका है। आज यह तालाब अपनी पुरानी पहचान खोता जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इसके संरक्षण और विकास की दिशा में कदम नहीं उठाए गए तो यह महत्वपूर्ण जलस्त्रोत पूरी तरह उपेक्षित हो सकता है। तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर वार्ड के वरिष्ठ नागरिक पीतांबर नायक ने पहल करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया। उन्होंने वार्डवासियों से संपर्क कर तालाब की वर्तमान स्थिति और उसके महत्व को लेकर जनजागरण किया। अभियान को व्यापक समर्थन मिला और 170 से अधिक नागरिकों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से तालाब के विकास की मांग की।

## अपराध पर अंकुश लगाने पुसौर पुलिस का फ्लैग मार्च

**पुसौर।** जिले में घटित अपराधों के किस्म को ध्यान में रखते हुए उसे एक अभियान से जोड़ा गया है और उस अभियान के तहत एक मुहिम तैयार कर अपराधियों के गिरेबान तक पहुंचा जा रहा है।

जिले में इन दिनों इसी कारण वर्षो से चली आ रही जुआ सट्टा एवं नशे के व्यापार के नीव तक पहुंचने में सफलता हासिल हो रहा है। पुलिस प्रशासन की सकारात्मक और मौजूदगी अपराध और



दहशतगर्दी में अंकुश लगाता है इसी कड़ी में एसएस पी शशिमोहन सिंह के मार्गदर्शन में पुसौर टीआई हर्षवर्धन सिंह ने अपनी टीम के साथ फ्लेग मार्च का आयोजन किया। उक्त फ्लेग मार्च बस स्टैण्ड पुसौर से प्रारंभ होकर बोरोडीपा चौक तक हुई जिसमें टीआाई, एएसआई सहित अन्य आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक पुलिस वाहन के आगे आगे चलते हुए दिखे। उक्त टीम ने देशी शराब भट्ठी के सामने किसी ने शराब के नशे में उधम मचाने की कोशिश कर रहा था जिसे कड़ी समझाइश देते हुए हुई टीआई हर्षवर्धन ने उसे ताकिद किया कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञात हो कि शाम होते ही देशी शराब भट्ठी के सामने लोगों का जमावड़ा बढ जाता है।

## मदनपुर क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**रायगढ़।** मदनपुर, खरसिया में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह में महेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता छोटू गवेल, नगर मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत यादव, मोहन गवेल, मदनपुर उप सरपंच धनेश्वर गवेल, संजय चौहान, बीडी चौहान, सुरेंद्र हरदिहा, मनोज डंगसेना सहित सभी गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन में डब्ब मदनपुर क्रिकेट क्लब के रितेश, संजू, विनय, पिंटू, कृष, कुणाल, शौर्य, सिद्धू, आकाश, गोलू, शुभम, ओम, बंटी, मुकेश, नरेंद्र, हर्ष, विराज, शेखर, निहाल, सोनू और रोशन की सक्रिय भूमिका रही। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## महंगाई भत्ता समेत 6 सूत्रीय मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा आज अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम डीपी अधिकारी को सीएम ओर मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। प्रदेश के 4.5 लाख अधिकारी एवं कर्मचारी को 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत करने की मांग की गई है।



विधानसभा के बजट सत्र में वित्त मंत्री द्वारा कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की गई थी उसे संबंध में तत्काल आदेश जारी किया जाए। केंद्रीय कर्मचारी एवं मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्ति पर 240 दिन के स्थान पर 300 दोनों का अवकाश नगदी कारण किया जाए। संविदा दैनिक अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाए तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए शिक्षक लब संवर्ग को समस्त सेवा लाभ प्रदान किया जाए। प्रदेश में अनुपम अनुकंपा नियुक्ति की 10 प्रतिशत शिवलिंग समाप्त करते हुए सभी पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए।

## 4,399 दिन सेवा सुशासन के मोदी युग का स्वर्ण अध्यायः ओपी

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मंच के जरिए दिए संदेश में कहा गौरवपूर्ण क्षण हे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4,399 दिनों की अविरल सेवा यात्रा के साथ भारत के लोकतंत्र के इतिहास में सबसे अधिक समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। दिल्ली में एक बैठक के दौरान इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मोदी का अभिनंदन किया। यह अभिनंदन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि जनता जनार्दन के विश्वास और सेवा परमो धर्म के संकल्प का अभिनंदन है। ओपी चौधरी ने सोशल मंच से वीडियो जारी किया।

जिसमें बताया कि मोदी की यह कहानी हर भारतीय को प्रेरित करती है उस बालक की कहानी जिसने मिट्टी के चूल्हे के धुएं में मां की पीड़ा देखी और आज करोड़ों परिवारों के जीवन में उजाला और खुशहाली लाने का संकल्प ले लिया। उन्होंने



अपनी जड़ों को कभी नहीं भुलाया। अंत्योदय का दर्शन उनके हर निर्णय में दिखता है। 4,399 दिन के सफर को सेवा और सुशासन के दिन निरूपित करते हुए कहा मोदी जी के नेतृत्व में 12 वर्ष विश्वास के विकास के जनकल्याण के बीते हैं। गरीब कल्याण से डिजिटल क्रांति तक हर घर जल से आत्मनिर्भर भारत तक हर योजना में राष्ट्र प्रथम का भाव है। देश के लोकतंत्र के इतिहास में सर्वाधिक समय तक लगातार चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर सेवा करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओपी चौधरी जी ने शुभकामनाएं भी दी है।

## पार्षद डॉ. अख्तरी खान की पहल, एक ही छत के नीचे मिलेगा आयुर्वेद का लाभ

**धरमजयगढ़।** नगर पंचायत धरमजयगढ़ की पार्षद डॉ. अख्तरी खुर्शीद खान ने सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए जिला आयुर्वेद कार्यालय ने आयुष निदेशक रायपुर को पत्र प्रेषित किया है।पार्षद डॉ. खान ने मांग की है कि राष्ट्रीय आयुष मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अथवा राज्य शासन के माध्यम से सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट, वार्ड आया एवं वार्ड बॉय सहित आवश्यक पदों की स्वीकृति देकर आयुर्वेदिक विंग स्थापित किया जाए। इससे मरीजों को एक ही परिसर में एलोपैथिक और आयुर्वेदिक दोनों प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre

बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के

कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी
शनिवार, दिनांक : 13 जून 2026
स्थान : फोर्टिज ओ.पी. जिंदल हॉस्पिटल, रायगढ़
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक



कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. दिपांजन बिस्वास
सलाहकार, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी,
(बालको मेडिकल सेंटर)
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी),
एम.सी.एच. (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी)

क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं?
- वज़न में बिना कारण कमी
- मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
- लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
- निगलने में कठिनाई
- बार-बार बुखार या संक्रमण
- मुँह में बदलाव
- त्वचा (स्किन) में बदलाव
- पेट में दर्द या जी मचलना
- खून की कमी • पेट फूलना
- असामान्य गाँठ या उभार
- ठीक न होने वाले छाले/घाव
- स्तन में बदलाव
- मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319
8282824444
balcomedicalcentre.com

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त